# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की अष्टदश बैठक का कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की अष्टदश बैठक दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 (सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे प्रो. डी.सी. जोशी, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

1. श्रीयुत रामनारायण मीणा, माननीय विधायक, पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र, राजस्थान विधानसभा, जयपुर।
2. श्री अनुराग भारद्वाज अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, कोटा (ऑनलाईन)
   (प्रतिनिधि – वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर)
3. डॉ. चम्पा लाल मीणा, संयुक्त निदेशक पशुपालन, कोटा (ऑनलाईन)
   (प्रतिनिधि – पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर)
4. डॉ. ओ. पी. यादव, निदेशक, आई.सी.ए.आर.–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर। (ऑनलाईन)
5. श्री बंजरग कुमार साबू, प्रख्यात कृषि उद्योगपति, तलवंडी, कोटा।
6. श्री चौथमल नागर, प्रगतिशील किसान, कोटा।
7. श्रीमती रूकमणी मीणा, महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता, कोटा।
8. डॉ. एम.सी. जैन, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज, कोटा।
9. डॉ. ममता तिवारी, निदेशक मानव संसाधन विकास, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
10. डॉ. विरेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
11. श्री रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक एवं कार्यवाहक कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा – सदस्य सचिव।

उक्त बैठक में प्रमुख शासन सचिव (कृषि), सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर, प्रो. अयूब खान एवं डॉ. (प्रो.) डी.पी. जारोली, शिक्षाविद् उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक में उपस्थित समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया तथा बैठक के प्रस्तावों पर सभी सदस्यों से चर्चा की गई जो निम्न प्रकार है:

**बोम–18 / 2021 / 01: सप्तदश प्रबंध मंडल की दिनांक 12.08.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

प्रबन्ध मण्डल की सप्तदश बैठक दिनांक 12.08.2021 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, माननीय विधायक श्री रामनारायण जी के सुझाव को ध्यान में रखते हुए बिन्दु संख्या 1 से 10 तक पर पुर्नविचार किया गया। विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

**बोम–18 / 2021 / 02: सप्तदश प्रबंध मंडल की दिनांक 12.08.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण पर की गई कार्यवाही रिपोर्ट।**

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 12.08.2021 को आयोजित सप्तदश बैठक में लिये गये निर्णयों पर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**बोम–18 / 2021 / 03: विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों का कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के तहत सहप्राध्यापक पर निजी पदोन्नति के प्रस्ताव का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के अंतर्गत साक्षात्कार उपरांत 24 सहायक प्राध्यापकों को स्टेज–III (AGP 8000/-) से सह प्राध्यापक स्टेज–IV (AGP 9000/-) अर्थात पे लेवल एल–12 से एल–13 में उनके नाम के आगे

दर्शाई योग्यता दिनांक से निजी पदोन्नति का लाभ दिए जाने का अनुमोदन किया गया, जो निम्न प्रकार है:

| S.N | Name of the Assistant Professor & Place of posting | Subject | Date of Promotion as Associate Professor |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. B.S. Meena, ARS, Kota | Agronomy | 15.03.2017 |
| 2 | Dr. Arjun Kr. Verma, KVK, Jhalawar | Agronomy | 15.03.2017 |
| 3 | Dr. B.L. Dhaka, ARS, Kota | Extension Education | 15.03.2017 |
| 4 | Dr. K.C. Meena, KVK, Baran | Extension Education | 15.03.2017 |
| 5 | Dr. B.L. Meena, KVK, Sawaimadhopur | Entomology | 15.03.2017 |
| 6 | Dr. T.C. Verma, KVK, Baran | Entomology | 15.03.2017 |
| 7 | Dr. B.L. Nagar, ARS, Kota | Horticulture | 17.03.2017 |
| 8 | Dr. Prerak Bhatnagar, CH&F, Jhalawar | Fruit Science | 17.03.2017 |
| 9 | Dr. C.B. Meena, COA, Kota | Plant Pathology | 04.04.2017 |
| 10 | Dr. Ramkesh Meena, KVK, Karauli | Extension Education | 20.07.2017 |
| 11 | Dr. K.M. Sharma, ARS, Kota | Agronomy | 10.08.2017 |
| 12 | Dr. M.K. Sharma, ARS, Kota | Agril. Chem. & Soil Science | 11.08.2017 |
| 13 | Dr. Ram Raj Meena, KVK, Kota | Horticulture | 23.08.2017 |
| 14 | Dr. D.S. Meena, ARS, Kota | Agronomy | 27.08.2017 |
| 15 | Dr. Ghanshyam Meena, KVK, Bundi | Animal Science | 09.09.2017 |
| 16 | Dr. Preeti Verma | Genetics & Plant Breeding | 16.10.2017 |
| 17 | Dr. R.S. Naroliya, ARS, Kota | Agronomy | 20.12.2017 |
| 18 | Dr. Bacchu Singh, KVK, Karauli | Animal Science | 17.06.2018 |
| 19 | Dr. P.K.P. Meena | Genetics & Plant Breeding | 03.02.2019 |
| 20 | Dr. Subhash Aswal, COA, Hindoli | Agril.Chem. & Soil Science | 12.08.2019 |
| 21 | Dr. B.K. Patidar, ARS, Kota | Entomology | 20.08.2019 |
| 22 | Dr. Kavita A., CH&F, Jhalawar | Vegetable Science | 14.03.2020 |
| 23 | Dr. R.K. Bairwa, KVK, Kota | Agronomy | 20.04.2020 |
| 24 | Dr. Har Phool Meena, ARS, Kota | Agronomy | 05.05.2020 |

**बोम–18/ 2021/04: अष्टदश विद्या परिषद की दिनांक 04.10.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

विद्या परिषद की अष्टदश बैठक दिनांक 04.10.2021 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

बैठक के समापन से पूर्व माननीय विधायक श्री रामनारायण जी मीणा ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों के फार्मों में आय बढ़ाने के उपाय किए जाये। राज्य सरकार, केन्द्र सरकार से समन्वय स्थापित करके कृषकों को उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध करवाने का प्रयास करें। साथ ही अखिल भारतीय समन्वित गेंहू अनुसंधान परियोजना को विश्वविद्यालय में पुनः स्थापित करने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से आवश्यक प्रयास किए जावें ताकि हाड़ौती क्षेत्र के लिए गेंहू से सम्बन्धित अनुसंधानों का किसानों को लाभ मिल सके। प्रबन्ध मण्डल के अन्य सदस्यों ने भी कई उपयोगी सुझाव दिए।

प्रबन्ध मण्डल के माननीय सदस्य श्री रामनारायण जी मीणा, श्री चौथमल जी नागर एवं श्रीमती रूकमणी जी मीणा द्वारा डॉ. सत्यनारायण मीणा, सहायक आचार्य, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के स्थानान्तरण निरस्तीकरण के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। माननीय कुलपति महोदय ने इस प्रकरण में कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा को नियमानुसार यथोचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

सदस्य सचिव द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

25.10.2021

(प्रो. डी.सी. जोशी)
कुलपति एवं अध्यक्ष,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

(रामधन रैगर)
सदस्य सचिव,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा